an>

Title: h Need to undertake electrification of villages under Ranchi Parliamentay Constitutency, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) ः मैं सरकार का ध्यान झारखण्ड राज्य में चल रहे ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों की तरफ दिलाना चाहता हूं। झारखण्ड में अभी भी ऐसे सैंकड़ों गांव हैं, जहां विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है। कई गांवों में खम्बे लगे हैं परंतु उन पर तार नहीं है एवं कई गांवों में अभी तक खम्बे नहीं लगे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में अभी भी ऐसे कई गांव हैं जहां पर अभी तक बिजली नहीं पहुंची है और गांवों में 10 केवी या 15 केवी के ट्रांसमीटर लगे हैं जो बिजली का लोड सहन नहीं कर पाते और फुंक जाते हैं। ट्रांसमीटर फॅंक जाने पर या बिजली आपूर्ति संबंधी किसी उपकरण के खराब होने पर महीनों तक ट्रांसमीटर खराब पड़े रहते हैं उनको समय पर ठीक नहीं किया जाता है। ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में एक गांव के एक-दो घर का विद्युतीकरण होने पर आसपास के गांवों का विद्युतीकरण मान लिया जाता है जबकि इन गांवों में न तो बिजली के खम्बे हैं और न ही तार है।

इस संबंध में मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपलब्ध कराने हेतु नई विद्युतीकरण योजना को शुरू किया गया है। इस योजना को केवल झारखण्ड में नहीं अपितु पूरे देश में अच्छे ढंग से लागू किया जाये। जिन गांवों में उपकरणों की कमी है वहां पर उपकरणों की आपूर्ति की जाये जिससे झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतीकरण हो से। मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में जिन गांवों में विद्युतीकरण नहीं हो पाया है, उनका विद्युतीकरण शीघ्र करवाने हेतु झारखण्ड शासन को निर्देश दिये जाये।